हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024
[ नांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# जिले में 1 लाख कॉपी जांचेंगे 5 सौ शिक्षक दोनों नए जिलों में भी पहली बार मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक मार्च से प्रदेशभर में शुरू हुई दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अब मूल्यांकन कार्य की शुरूआत होने जा रही है। कल से प्रदेशभर में मूल्यांकन शुरू कर लिया जाएगा। राजनांदगांव जिले में इस बार दो नहीं, बल्कि एक ही केंद्र में मूल्यांकन का काम किया जाएगा। यहां एक लाख उत्तर पुस्तिकाओं को चेक करने की जिम्मेदारी करीबन पांच सौ शिक्षक को दी जाएगी। वहीं पहली बार दोनों नवगठित जिलों में भी मूल्यांकन कार्य होने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि हर साल माशिम जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा के बीच से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करवा देता है। इस बार भी 23 मार्च से इसकी शुरूआत होने जा रही है। जिले में इसके लिए स्टेट हाईस्कूल को केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन केन्द्र में गोपनीयता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हर साल उनके केन्द्र में लगभग एक लाख से अधिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया जाता है। माशिम द्वारा अलग-अलग चरण में उत्तर पुस्तिका भेजी जाती है। गौरतलब है कि माशिम की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है। बोर्ड द्वारा 10 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने लक्ष्य रखा गया है, ताकि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके। उम्मीद है कि मई माह में परीक्षा परिणाम जारी हो जाएंगे।

### 10 अप्रैल तक जांचने के निर्देश

कल 23 मार्च से शुरू होने जा रहे मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों को 10 अप्रैल तक सभी कॉपियां जांचने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की गलती से बचने स्टेप वाईज मार्किंग की जाएगी। वहीं हर कॉपी में प्राप्तांक को भी स्पष्ट रूप से लिखने कहा गया है। एक शिक्षक को रोजाना करीबन 40 से 45 कॉपी जांचना होगा। इसके लिए प्रति कॉपी शिक्षकों को शुल्क भी माशिम देगा।




### बिलासपुर संभाग से आई उत्तर पुस्तिकाएं

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में बिलासपुर संभाग से उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गई है। यहां करीबन एक लाख कॉपियां जंचने के लिए आएंगी, जिसे 500 शिक्षक जाचेंगे। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में करीबन 40 हजार कॉपी भेजी जाएगी, जिन्हें 200 शिक्षक जाचेंगे। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 30 हजार कॉपी भेजी जाएगी। जिसको 200 शिक्षक जांचेंगे।

### चुनाव के साथ मूल्यांकन में डयूटी

लोकसभा चुनाव को लेकर भी आचार संहिता लागू हो चुकी है। राजनांदगांव लोकसभा में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षकों को ही मतदान केंद्र से लेकर सामग्री वितरण की ड्यूटी में तैनात किया गया है। वहीं दूसरी ओर मूल्यांकन कार्य भी इसके साथ ही समय में पूरा करना चुनौती भरा होगा। शिक्षकों में भी डबल काम को लेकर नाराजगी उत्पन्न है।

### नए जिलों में यहां मूल्यांकन केंद्र

मिली जानकारी के अनुसार पहली बार खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिलों में भी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है। खैरागढ़ में स्वामी आत्मानंद स्कूल का चयन इसके लिए किया गया है। जबकि मोहला-मानपुर जिले में मोहला ब्लॉक के रेंगाकठेरा स्थित एक हाईस्कूल में मूल्यांकन कराया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में केवल स्टेटस्कूल में मूल्यांकन कार्य होगा। इससे पहले तक बसंतपुर स्थित बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल में भी मूल्यांकन कराया जाता था, लेकिन इस बार केवल एक ही मूल्यांकन केंद्र बनाया जा रहा है।

## जमीन कारोबार के ठिकाने पर आईटी की दबिश, देर शाम तक खंगाले गए दस्तावेज



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश के कई शहरों में एक साथ इनकम टैक्स की टीम ने दस्तक दी है। पड़ोसी राज्यों से आए अफसरों के नेतृत्व में इनकम टैक्स की टीम ने शहर के एक जमीन कारोबारी एवं फायनेंस का काम करने वाले कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी है। सुबह से पहुंची टीम ने देर शाम तक अपनी छानबीन जारी रखी। जमीन कारोबारी के घर के अलावा उनके रिश्तेदारों के घरों में भी टीम के दस्तक देने की खबरें सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार वीआईपी रोड निवासी संजय शर्मा जमीन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनके ठिकानों पर गुरुवार सुबह आईटी की टीमें पहुंची। टीम ने देर शाम तक उनके निवास स्थान पर कागजात खंगाले। एक टीम उनके एक अन्य रिश्तेदार के घर भी पहुंची थी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को छत्तीसगढ़ के कई शहरों में जमीन कारोबार और फाइनेंस से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है। इनमें रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव में रियल इस्टेट कारोबारी के यहां छापामार कार्रवाई की गई है।

**पड़ोसी राज्य से पहुंचे अफसर :** सूत्रों की माने तो पिछली सरकार में सत्ता के करीब रहे कुछ पूर्व नौकरशाह और कारोबारियों के निवेश संबंधी कड़ी जुड़ने के बाद आयकर की टीम ने यह कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार आईटी अफसरों ने महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में पुराने हिसाब और लेन-देन की जानकारी को बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आईटी विभाग की छापामार कार्रवाई में 17 अधिकारियों की टीम जांच कर रही है। जिसमें केंद्रीय टीम और भोपाल जोनल यूनिट की टीम शामिल है।




**0 राजनांदगांव।** होली पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। चौक-चौराहों से लेकर बाजार क्षेत्र में रंग-गुलाल, पिचकारी की दुकानें सजी हुई है जहां से लोगों ने खरीदी शुरू कर दी है। आगामी दिनों बाजार में और भी चहल-पहल बनने की संभावना जताई जा रही है।




## केबल ऑपरेटर्स की बैठक आज

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केबल ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में आयोग द्वारा केबल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापनों के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बैठक में जिले के सभी केबल ऑपरेटरों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।
















## खबर संक्षेप

### फाग प्रतियोगिता खैरी में 26 से

**तुमडीबोड।** समीपस्थ ग्राम खैरी में जय मां सरस्वती फाग मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 एवं 27 मार्च को रखा गया है। ग्राम के पटेल पुरुषोत्तम वर्मा एवं अध्यक्ष अनेश्वर साहू ने बताया कि प्रवेश शुल्क 201 रुपए है। रचना पक्ष से विजेताओं को क्रमशः 5001, 4001, 3001, 2501, 2001, 1501, 1001, 701, 501, झांकी पक्ष में 4001, 3001, 2001, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा। श्री वर्मा ने मंडलियों तथा आम जनों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### योजनाओं पर लाभार्थियों से चर्चा

**अर्जुनी।** भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत ग्राम कु.भाठागॉव, सोनेसरार, छुईखदान, खुर्सीपार में लाभार्थियों से मोदी सरकार की योजनाओं पर चर्चा किया गया। फीडबैक लेने के बाद आन द स्पाट फोटो अपलोड किया गया। कार्यक्रम में संयोजक चुनेश्वर साहू, मंडल सह संयोजक अजय वैष्णव, भाजपा मंडल मंत्री किशोर यादव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष भाविश निक्की, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



### फाग एवं झांकी स्पर्धा आज

**जंगलपुर।** ग्राम सुखरी में फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन कल 22 मार्च को किया गया है। झांकी वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 3001, 2501, 2001, 1501, गायन वर्ग में 2501, 2001, 1501, 1001, 701 रूपए दिया जाएगा। कल ही मोखली, करमतरा, कोटरासरार, सिंगारपुर, मरेठा नवागांव में फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी कुंदन साहू ने दिया।

### गैस लीक होने से आग लगी, महिला की मौत

**चिचोला।** धौराभांठा निवासी हिरमोतिनबाई पति टकेश्वर खुटेल 21 मार्च की सुबह चाय बनाते समय आग की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाइप से गैस लीक होने से उसकी साड़ी में आग गई थी जिससे वह झुलस गई औऱ उसकी मौत हो। थाना से मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने पति और बच्चे के साथ भंसाली कृषि फार्म झण्डातलाव में काम करती थी और वहीं रहती थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया।

### फाग गायन प्रतियोगिता आज और कल

**घुमका।** भटगांव के दुर्गा चौक में कल 22 एवं 23 मार्च को फाग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। विजेता मंडलियों को क्रमशः 3001, 2001, 1501, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा। इसी तरह जस गीत प्रतियोगिता क्रे साथ झांकी प्रतियोगिता भी होगी जिसमें विजेताओं को क्रमशः 5001, 3001, 2001, 1001 एवं 701 रुपए दिया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल होंगी। अध्यक्षता कांग्रेस क्रे जिला सचिव नवीन लुनिया करेंगे। आगामी 23 मार्च क्रो टुरीपार, बाटगांव में फाग प्रतियोगिता रखा गया है। सहसपुर दल्ली में भी कल 22 मार्च क्रो फाग प्रतियोगिता रखा गया है। मुख्य अतिथि खेमराज वर्मा होंगे। अध्यक्षता ठाकुर इंद्रपाल सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रदीप वर्मा, पीयूष दुबे, रमसिंह नेताम, गीतालाल वर्मा, नीता छेदानी, संगीता मंडावी, पूरन, गंगाराम आदि होंगे।

### गिरफ्त में असामाजिक तत्व

**घुमका।** अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खैरझिटी में लड़ाई झगड़ा कर बेवजह विवाद करने वाले द्रोण कुमार बघेल निवासी खैरझिटी को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116 (3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगाव के समक्ष पेश किया गया।

### पांचवी के बच्चों को दी विदाई

**अम्बागढ़ चौकी।** प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में कक्षा पाँचवीं के बच्चों को समारोह आयोजित की विदाई दी गई। सर्वप्रथम बच्चों का तिलक अभिनंदन किया गया। बच्चों ने अपने अनुभवों को साझा किया। एंजल ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रधान पाठक योगेन्द्र देवांगन ने कहा यह विदाई नहीं है,बल्कि आप आगे बढ़ रहे हैं। शाला के लेखराम ठाकुर, भास्कर ठाकुर, दीपक कुम्भज, गुणेश्वर साहू ने अपने विचार रखे। इस मौके पर विद्यार्थियों को कंपास बॉक्स, टिफिन उपहार स्वरूप दिया। लेखराम ठाकुर ने क़लम, नीलकंठ कोमरे एवं योगेन्द्र देवांगन ने स्केल,कटर दिया। कार्यक्रम में र शाला समिति के अध्यक्ष चंद्रकुमार सिन्हा शामिल हुए।



### केंद्रों में चलाया गया निर्मल आंगनबाड़ी अभियान

**मोहला।** आंकाक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी में निर्मल आंगनबाड़ी स्वच्छता से शिक्षा की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिले में आकांक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन कार्यरत है। अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता, आकर्षक पेंटिंग, बच्चों की खेलने और पढ़ने की सामग्री को बच्चों की पहुँच में रचनात्मक तरीके से रखने पर जोर दिया जा रहा है। बच्चों के शिक्षा के साथ ही उनके पोषण, स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे बच्चों में प्रगति देखने को मिल रही है।



### बेटी के भविष्य को सुदृढ़ करने का दिखाया रास्ता

**मोहला।** भविष्य को सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए आर्थिक स्वालंबन एक मजबूत स्तंभ होता है। भविष्य में सपनों को साकार करने और गति देने के लिए आर्थिक मजबूती जरूरी है। छोटी छोटी बचत जीवन के सपनो को साकार कर सकती है। इस बात को भलीभांति समझते हुए अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी श्रीमती महेश्वरी साहू 31 वर्ष पति श्री गिरधर साहू गृहणी महतारी वंदन में मिलने जा रहे पैसे को अपनी बेटी के नाम पर जमा कर उनकी जीवन को सवारने ठान चुकी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना को लेकर वह बहुत खुश है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मैं इस राशि का उपयोग अपनी बेटी कु.भावी साहू ढाई वर्ष का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते में जमा करूँगी। मेरी आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के चलते मैं पैसा जमा करने में परेशानी होती थी। अब इस योजना से मिलने वाली राशि से मैं अपनी बेटी के खाते में प्रतिमाह 500 रुपए आसानी से जमा कर पाऊँगी। इससे मेरी बेटी का भविष्य सुखद बनेगा।

## किसानों को बड़ा नुकसान, अब क्षतिपूर्ति की उम्मीद

# बारिश से खेतों में तबाही, किसानों को सता रही कर्ज चुकाने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

तीन दिन तक बारिश और ओला वृष्टि के बाद गुरुवार को मौसम कुछ साफ हुआ। असमय बारिश से किसानों को फिलहाल कुछ राहत मिली है। बारिश थमने के बाद किसानों खेतों की ओर रूख करने लग है और चना गेहूं की फसल जो भीग गई थी को सुखाने का प्रयास कर रहे हैं।

नवापारा, पंड़रिया, अतरिया, घिरघोली, जंगलपुर, चकनार, खैरा नवापारा सहित कुछ अन्य गांव में बारिश अधिक होने के कारण फसल पानी में डूब गई थी। पानी निकासी के बाद फसल काफी खराब स्थिति में नजर आ रही है। किसानों ने बताया भीग चुकी फसल की गुणवत्ता खराब होने की आशंका है। वही जो फसल पककर तैयार थी उसमे नमी देखा जा रहा है जिसकी कटाई मिंजाई के लिए किसानों को कुछ दिन इंतजार करना पडेगा। जिन किसानों ने गर्मी में धान लगाया था उसे बारिश से नुकसान तो नही हुआ है पर ओला वृष्टि से उत्पादन प्रभावित हो सकता है।



### नुकसान का सर्वे शुरू

कलेक्टर के आदेश पर बीमा कंपनी एवं विभागीय सर्वे शुरु होने की जानकारी मिली है। सर्वे टीम बारिश से फसल को हुए नुकसान का आकलन कर रही है। फसल आकलन की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को नुकसान की भरपाई मिलने का अनुमान है।

### किसानों ने कर्ज लेकर की थी बोनी

क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने कर्ज लेकर चना, गेंहू, पपीता, खरबूजा आदि की बोनी किया था। उन्हे बेहतर उत्पादन के लिए मंहगे दाम पर खाद दवा खरीदा था। बारिश और ओलावृष्टि से फसल चौपट होने के बाद किसानों को अब कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है।

### किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने सौंपा आवेदन



जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष युवराज किशोर दास वैष्णव की अगवाई में किसानों ने गुरुवार को कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा को आवेदन सौंप कर बेमौसम बारिश से फसल खराब होने पर आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक बारिश और ओलावृष्टि से रबि की फसल खराब हो गई है। किसानों ने सर्वे कराकर बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। इस मौके पर जिला महामंत्री मिथलेश साहू, पुणेंद्र साहू, मोहन वर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, धनेश वर्मा, लक्की जंघेल, संत कुमार जंघेल, गिरधारी जंघेल आदि मौजूद थे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक गत दिनों संरक्षक जे. पटेल की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षक रामदास मेश्राम, प्रवक्ता वायके गहरवार, प्रवक्ता हीरालाल ढोमने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीडी साहू, उपाध्यक्ष जीआर अहीर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ज्योतिषराम यादव ने स्वागत भाषण के साथ-साथ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव के क्रियाकलाप का विवरण प्रस्तुत किया। नए सदस्य विनायक शर्मा का मंगल तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सालिक प्रसाद द्विवेदी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया तथा मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को पेंशनरी आदेश जारी करने राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (क) 6 का बहाना लेकर केवल पेंशनरों के आदेश जारी करने दोनों राज्यों से सहमति लेने देने की परंपरा विगत 23 वर्षों से जारी है।

इस अवसर पर नामदेव साहू, मनबोधीराम माली, सुमित्रा बोरकर, प्रेमलाल मेश्राम, छन्नूलाल हिरवानी, कृष्णालाल साहू, परदेसीराम मंडलोई, शोभितराम साहू, नंदकुमार श्रीवास्तव, रोमसिंह मंडलोई, कार्तिकराम कोसरिया, मनसुखदास साहू, रमेश कुमार मेश्राम, नंदलाल साव, गोपालराम सोनकर, कृष्ण कुमार देवांगन, रामभरोसा ठाकुर सहित अन्य पेंशनर्स साथी शामिल थे।

# आयुक्त ने वार्डों में सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## बकाया करों का भुगतान करने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने गत दिनों अधिकारियों के साथ रेवाडीह तथा स्टेडियम वार्ड में सफाई व्यवस्था के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड की राजस्व वसूली की जानकारी लेकर वार्डवासियों से बकाया करों का भुगतान करने अपील की।

आयुक्त गुप्ता रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर उपस्थिति पत्रक की जांच की और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की जानकारी लेकर सेंटर प्रभारी से शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने कहा। कम्पोस्ट मशीन की जांच कर खाद बनाने की प्रक्रिया देखा और कहा कि खाद का नियमित विक्रय सुनिश्चित करें, लोगों को घरों के गमले व उद्यान में उपयोग करने समझाईस दें। इसके लाभ के बारे में जानकारी दें। उन्होंने वार्ड में सफाई देख स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि स्टेडियम वार्ड में जहां बड़े अधिकारियों का शासकीय आवास है, बड़ी-बड़ी कालोनियां है, वहीं रेवाडीह ग्रामीण वार्ड है, इसलिए प्रतिदिन निर्धारित समय तक सफाई कराने, सफाई में लापरवाही पर कार्रवाई करें तथा निष्ठा हाजिरी नहीं देने पर संबंधित का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार स्कान विहार कालोनी में विधायक निधि अंतर्गत निर्माणाधीन मंच, मुक्तिधाम उन्नयन तथा आरके नगर में गोडवाना समाज भवन विस्तार कार्य का निरीक्षण कर मद एवं राशि की जानकारी लेकर कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किए, ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान प्रणय मेश्राम, अशोक देवांगन, राजेश मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, देवेश साहू, कीर्तन साहू, दिलीप गिरी, मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।



### वार्ड प्रभारियों को किया निर्देशित

आयुक्त गुप्ता ने दोनों वार्डों में राजस्व वसूली की जानकारी लेकर वार्ड प्रभारी से डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश देते कहा कि कालोनी एवं होटलों से भी नियमानुसार राजस्व वसूली करें। बड़े बकायेदारों के लिए टीम के साथ जाकर वसूली करें। उन्होंने निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान रेवाडीह में तथागत सिद्धार्थ सिटी के पास प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक एएचपी के तहत निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण कर मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य में गति लाने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा।

# अवंती का बलिदान अतुल्य : जंघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस विभिन्न गांवों में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल की अगुवाई में बलिदान दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम ग्रामीणों ने रानी अवंती बाई की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया। ततपश्चात मल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर कोमल जंघेल ने कहा कि अविभाजित जिले में विगत 44 वर्षो से बलिदान दिवस श्रद्धा से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1857 की क्रांति में रामगढ की रानी अवन्ति बाई ने अंग्रजो से युद्ध करते हुए भारतभूमि के लिए शहीद हो गई थी। श्री जंघेल घिरघोली के अलावा छुईखदान, नर्मदा चौक, चकनार, धमधा के अछोली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में रोहित जंघेल, अवध जंघेल, नेतराम जंघेल, राजेंद्र शिवहरे, ज्योति जंघेल, विपिन जंघेल, नारद जंघेल, आत्माराम, अनुज राम, मुरलीराम साहू, डेविड जंघेल, जयता राम, चंदू राम, ओमकार जंघेल, दौलत यादव सहित अन्य मौजूद थे।



### कार्यकर्ता सम्मेलन आज, सीएम साय आएंगे

**डोंगरगांव।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कल 22 मार्च को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में आहूत किया गया है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, लोकसभा चुनाव सह संयोजक दिनेश गांधी तथा नीलू शर्मा उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहली बार नगर आगमन को लेकर भाजपा, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह है। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बाईक रैली निकालकर से अगवानी करेंगे।

# रानी अवंती बाई को लोगों ने अर्पित किया श्रद्धासुमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

इलाके क्रे लोधी बाहुल्य गांव घुमका, गोपालपुर, ओरदा, इरई खुर्द, मासूल, बोटेपार, खजरी, हरडुआ, महरूम खुर्द, कलेवा, भैंसातरा, जोगी दल्ली, बरबसपुर, कलकसा, अमलीडीह में बुधवार को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया ग्राम पंचायत गोपालपुर में कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की गई थी। स्कूली छात्राओं ने रानी अवंती बाई लोधी का वेश धारण कर शोभायात्रा निकाला जिसमें समाज की महिलाएं भी शामिल हुई। शोभायात्रा में समाज क्रे बच्चे, बूढ़े और नवयुवक जयकारा लगाते हुए शामिल हुए और ग्राम का भ्रमण किया। गौरव ग्राम घुमका के चंडी चौक में समाजिक जनों की उपस्थिति में सरपंच फूलमती वर्मा ने रानी अवंती बाई की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी। सरपंच श्रीमती वर्मा ने कहा कि रानी अवन्ति बाई ने अंग्रेजी हुकूमत क्रे खिलाफ जंग में अपनी जान पऱ खेल गईं थी।

## न्योता भोज से बच्चों में उत्साह

# स्कूलों में अब मिल रहा रुचिकर भोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक संघ ने न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों को खीर, पुड़ी, मीठा, केला, अंगूर प्रदान किया गया। इस मौके पर लेखराम ठाकुर, नीलकंठ कोमरे, योगेन्द्र देवांगन, भास्कर ठाकुर, दीपक कुंभज, गुणेश्वर साहू, चंद्रकुमार सिंहा, हरिक चंद्रवंशी, पीतांबर चंद्रवंशी, राजेश्वरी परतेती, कविता सिन्हा, हेमिन चंद्रवंशी, नवेंद्रा चंद्रवंशी, नागेश्वर चंद्रवंशी, बृंदा चंद्रवंशी, बिजेंद्र सिन्हा, तोषण जुरेशीय, संत चंद्रवंशी संतोषी भुआर्य आदि उपस्थित थे।

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला किसना में कांतिदेवी साहू ने न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर, पुड़ी, पापड़, फल आदि परोसा गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल और प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### न्योता भोज आयोजन की सराहना

**छुईखदान।** ग्राम लंझीयाटोला की प्राथमिक शाला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों की रूचि का भोजन परोसा गया जिससे वह काफी प्रसन्न दिखाई दिए। न्यौता भोज में शामिल होने पहुंचे संकुल प्राचार्य शंकर दास कोसरे एवं समन्यवयक केशव साहू ने कहा कि बच्चों को भोजन करने से आनंद प्राप्त हुआ वह अकल्पनीय है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वीरेंद्र कुरे, शर्मिला महोबिया, हर्षिता सोनके, दयाराम, तुलसीदास जांगड़े, उत्तम महोबिया प्रधान पाठक, शिव यादव, नरेश प्रधान, अशोक जांगड़े आदि शामिल हुए।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप



### पारीखुर्द में आठवीं के छात्रों को दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द में 18 मार्च को कक्षा 6वीं व 7वीं के छात्रों ने 8वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी। विदाई समारोह में बच्चों द्वारा विदाई अपने बड़े भाई-बहनों के लिए विभिन्न मजेदार खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 6वीं-7वीं के बच्चों ने दीप-गुलाल-पुष्प आदि से आठवीं के बच्चों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 8वीं के बच्चों को सही दिशा निर्धारित करते उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होने रहने का शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरके चौबे, पीएस साव, भूपेश कुमार साहू, एसके सेवता, विभा सिंहमारे, अनुपमा सोनी, पुष्पलता देवांगन, दीपक साहू उपस्थित रहे। मंच संचालन छात्रा वंदना वैष्णव द्वारा किया गया।

### हर्बल गुलाल बनाने प्रशिक्षण आयोजित



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में 21 मार्च को आईक्यूएसी के तहत कौशल विकास समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण कौशल विकास समिति के संयोजक मधुबाला श्रीवास्तव व आर्ट एंड क्राफ्ट इंचार्ज लक्ष्मी शेंडे, आकांक्षा सिंह ठाकुर द्वारा दिया गया। यह कार्यक्रम आईक्यूएसी प्रभारी सुरवी भट्टाचार्य व बीएड/डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### एरर व फाइल हैंडलिंग टॉपिक पर गेस्ट लेक्चर

**राजनांदगांव।** कॉनफ्लुएंस महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा कम्प्यूटर साइंस के एरर हैंडलिंग तथा फाइल हैंडलिंग टॉपिक पर गेस्ट लेक्चर कराया गया, जिसे महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई के कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक सलमा मो. शफी द्वारा व्याख्यांतित किया गया। इस विषय में प्राध्यापक द्वारा बताया गया कि एरर हैंडलिंग, डेटा प्रोसेसिंग और एनालिटिक्स में किसी प्रोग्राम या डेटा वर्कफ़्लो के निष्पादन के दौरान होने वाली त्रुटियों को प्रबंधित और संबोधित करने इस्तेमाल की जाने वाली एक तकनीक है। फाइल हैंडलिंग, डेटा को स्थायी रूप से स्टोर करता है। जिससे वे प्रोग्राम के बाद भी उपयोगी रहते हैं। फाइल हैंडलिंग का इस्तेमाल डेटा को परस्पर संवादित करने वाले प्रोग्रामों में ज्यादा होता है। जैसे टेक्स्ट फाइलें, बाइनरी फाइलें और डेटाबेस फाइलें। इस अवसर पर प्राचार्य बीडी प्रधान ने कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि कम्प्यूटर क्षेत्र में एक अच्छे प्रोग्रामर बनने के लिए इसका अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि त्रुटि प्रबंधन, डेटा प्रोसेसिंग और विश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह डेटा की सटीकता, स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है।

## निधन

### चंदूलाल साहू

**राजनांदगांव।** ग्राम पदुमतारा निवासी



चंदूलाल साहू भूमि विकास बैंक के रिटायर्ड कर्मचारी का आकस्मिक निधन 20 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार पदुमतरा में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सामाजिकगण, ग्रामीणवासी एवं गणमान्य नागरिक शामिल थे।

---

### कलेक्टर ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# पदयात्रियों की सेवा के लिए लगेंगे पंडाल मंदिर परिसर में मेले की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के शक्ति कक्ष में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों से यहां श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंचते हैं। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने वाला है। लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए बेहतर तरीके से सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने सेवा पंडाल संचालकों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा सेवा पंडाल लगाएं और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते मेले में चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर ने पेयजल की नियमित आपूर्ति करने, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में आने वाले पंचायतों में शौचालय एवं पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।




#### स्वास्थ्य महकमे को निर्देश

उन्होंने कहा कि पदयात्रियों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थापित सभी सेवा केन्द्रों में दवाईयां एवं चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने ऊपर मंदिर में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने कॉल सेंटर स्थापित करने कहा।

#### कराएं सड़क मरम्मत

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाए जाएंगे, जिन स्थानों पर सेवा पंडाल लगेंगे, उन स्थानों पर साफ-सफाई के निर्देश नगर निगम आयुक्त एवं सीएमओ को दिए। रोपवे एवं मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम डोंगरगढ़ एवं पुलिस विभाग को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग के साथ डोंगरगढ़ से महाराष्ट्र बार्डर तक आवश्यकतानुसार सड़क मरम्मत का कार्य करने कहा।

#### सीसीटीवी कैमरे से रहेगी नजर

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि नवरात्रि मेले में डोंगरगढ़ शहर में बहुत ज्यादा भीड़ रहती है। जिसको देखते सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी पार्किंग क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने कहा, जो पार्किंग के अंदर एवं बाहर जाने वाले स्थान पर रहना चाहिए। जिससे नजर रखा जा सकता है। उन्होंने सभी पार्किंग स्थलों में निर्धारित रेट लिस्ट प्रवेश गेट में लगाने कहा। उन्होंने मेला स्थल के अलावा अन्य जगहों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाने कहा। जिससे मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी।

---

## विद्यार्थियों ने किया साइंस सेंटर रायपुर का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन तथा कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर साइंस स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर साइंस स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को 19 मार्च को रायपुर स्थित रीजिनल साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर में स्थित विभिन्न साइंस मॉडल का निरीक्षण किया तथा उससे संबंधित जानकारियों से अवगत हुए। विद्यार्थियों ने प्रयोगिक रूप के मॉडलों के कार्यों को कर के देखा। विद्यार्थियों ने सेंटर में दिखाए जा रहे भविष्य में नासा के मंगल मिशन थ्री-डी शो को भी देखा। विद्यार्थियों ने उत्साह तथा आनंद के साथ शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने इसे बहुत ही ज्ञानवर्धक कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम में एमएससी कम्प्यूटर साइंस द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ रामअवतार, भूमिका व शालिनी साहू शामिल रही। कार्यक्रम में चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सत्यम ओझा व वेदप्रकाश का विशेष योगदान रहा।

---

# मनाया गया विश्व वानिकी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- 8वीं बटालियन में पेड़ों के महत्व के विषय में चलाया गया जागरुकता अभियान

आठवीं बटालियन में पेड़ों के महत्व के विषय में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वनों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने हर वर्ष 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है।

इसी अवसर पर आठवीं बटालियन पेंड्री में सेनानी बीपी राजभानु के दिशा-निर्देश पर पौधारोपण एवं संरक्षण के बारे में बताया गया। बटालियन परिसर में पौधारोपण कर सुरक्षित करने को कहा गया। जिससे आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके।



#### छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए

परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए एवं सेनानी द्वारा जवानों को पौधे भेंट किए गए। सेनानी बीपी राजभानु द्वारा कहा गया कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में कार्य करना चाहिए एवं अपने बच्चों को भी जागरूक करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को नष्ट होने से बचाया जा सके। लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए। जिससे जिंदगी बचाया जा सके। इस अवसर पर उप सेनानी प्रशांत कतलम, सहायक सेनानी बीएल ध्रुव, सहायक सेनानी बीएल भोई, सहायक सेनानी एचके टोंडर, कंपनी कमांडर चंद्रहास गौतम, निरीक्षक राजा मेश्राम, निरीक्षक सौरभ मेश्राम, उप निरीक्षक संतोष यादव, उपनिरीक्षक रूबेन टोप्पो, सहायक उप निरीक्षक कृष्णा नागदेव एवं बटालियन के जवानों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं सुरक्षित करने की शपथ दिलाई गई।

---

# कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प

- मुसरा में ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक मुसरा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं ग्रामीण प्रभारी महेंद्र यादव की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को भारी मतों से जिताने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित बूथ, सेक्टर ,जोन के पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना 1 लाख देने के साथ किसानो कृषि कर्ज माफ किया जाएगा। वहीं



फसल का वाजिब दाम दिलाने कानून बनाया जाएगा।

बैठक में बलिराम साहू, अजय मारकंडे, लता साहू, चुम्मन साहू, राजू राजपूत, मोतीराम वर्मा, योधन दास साहू, सामसाय टांडेकर, मूलचंद साहू, दिलीप साहू, नंदू वर्मा, राजेश कुमार मंडावी, तिलक नंदेश्वर, चंद्रेश वर्मा, राजेश कुमार मंडावी, तारण वर्मा, विकेश्वर, मोहनलाल साहू, इन्द्रजीत साहू, मदन मोहन साहू, पुरुषोत्तम चेलक, अश्वनी पैकरा, गंगूराम पटेल, गोकरण कोसले, पंचराम चंदेल, पवन कुमार साहू, श्यामसुंदर हठीले, होमदत्त वर्मा, सहदेव वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, कामता प्रसाद साहू, द्वारिका राम सिन्हा, सुखचंद साहू, रामदास वर्मा, आशा मंडावी, शकुन ठाकुर, फत्तू वर्मा,, नरसिंग वर्मा, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, सूरज कौशल, कमल सिन्हा आदि मौजूद थे।

#### छग की आवाज दिल्ली तक पहुंचाना है

संगठन प्रभारी श्री यादव ने कहा किसानो और आम जनता का ध्यान रखने वाले भूपेश बघेल को हर हाल में सांसद बनाना है और राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाना है। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार सभी विधानसभा चुनाव में मेहनत किया था इसी प्रकार अब लोकसभा चुनाव के लिए करना है। उन्होंने वोटर लिस्ट, वॉल पेंटिंग का काम जल्द से जल्द से पूरा करना कहा। बैठक में चुम्मन साहू, अजय मारकंडे, राजू राजपूत, अश्वनी पैकरा, मदन मोहन साहू, लता साहू, श्याम सुंदर हठिले, योधन दास साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े ने भी अपने विचार रखे। अंत में आभार व्यक्त होम दत्त वर्मा ने किया।

---

# युगांतर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड की परीक्षा के दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते जोनल लेवल में उल्लेखनीय स्थान अर्जित किया है। विद्यार्थियों में अद्वित्य सिंह ठाकुर कक्षा 10वीं ने जोनल लेवल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उक्त छात्र को 5 हजार की सम्मानित राशि, जोनल गोल्ड मैडल तथा सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह इस परीक्षा में ऋद्धिमा अग्रवाल कक्षा 12वीं जोनल रैंक 11, अनाया अजीज कक्षा 4थी जोनल रैंक 14, नक्स बैद कक्षा तीसरी जोनल रैंक 17 ने भी उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। यही नहीं एसओएफ साइंस ओलंपियाड में अद्वित्य सिंह ठाकुर जोनल रैंक 24 तथा एसओएफ मैथ्स ओलंपियाड में ऋषा जैन जोनल रैंक 22 ने भी पुनः उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।



#### कराया गहन अभ्यास

प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम बनाकर विद्यार्थियों को विविध विषय से जुड़े आईएमओ ओलंपियाड का गहन अभ्यास कराया है। जिसकी बदौलत संस्था ने इन ओलंपियाड की परीक्षाओं में प्रदेश, देश और विश्व में राजनांदगांव का परचम लहराए रखा है। इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियमित विशेष कक्षाएं संचालित हो रही है। इससे लाभान्वित होते बच्चे हर विधा, हर विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों के माता-पिता ने प्राचार्य, एसओएफ प्रभारी ललित महोबिया, आलोक श्रीवास्तव, अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, विज्ञान की विभागाध्यक्ष रिंकू राय, वाणिज्य विभागाध्यक्ष तरूण महापात्रा, रसायन शिक्षक मदन कालबांधे, फिजिक्स शिक्षक प्रवीण साहू तथा युगांतर के प्रबंधन का सदैव उच्च स्तरीय सुविधाएं देने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों को बधाईयां दी।

---

# समदा अस्पताल में निःशुल्क स्त्री एवं प्रसूति रोग परामर्श शिविर 1 से

**राजनांदगांव।** बसंतपुर स्टेडियम रोड राजनांदगांव स्थित समदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आगामी 1 से 6 अप्रैल तक छह दिवसीय निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मिताली टुवानी द्वारा महिला एवं स्त्री रोग से संबंधित इलाज जैसे स्त्रियों में मासिक धर्म, निसंतानता, बच्चादानी में परेशानी, डिलीवरी संबंधित समस्याएं, प्रेग्नेंसी के दौरान समस्याओं जैसे अन्य स्त्री रोग संबंधित हेतु निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। लगातार चलने वाले इस निःशुल्क परामर्श शिविर का समय रोजाना दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक होगा।

इस दौरान संबंधित मरीज को निःशुल्क परामर्श के साथ इलाज में 20 प्रतिशत तक कि आर्थिक छूट भी प्रदाय की जाएगी। सभी संबंधित मरीज से आग्रह है कि इस निःशुल्क परामर्श शिविर का लाभ उठाएं।

### दिलाई गई शपथ

**राजनांदगांव।** ग्राम डुडेरा के साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों के मध्य मतदान जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता शपथ दिलाई गई। इस दौरान टीम के सदस्य मनोज मरकाम, बुद्धप्रकाश गायकवाड, प्रकाश नंदनवार, राहुल रावटे, मनोज चौबे, देवप्रसाद साहू उपस्थित थे।



---

# चारभांठा में आज से दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** ठेलकाडीह के समीपस्थ ग्राम चारभांठा में कल 22 मार्च से फाग गीत व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। दो दिवसीय इस फाग व झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पांच विजेता टीम को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

आयोजन समिति के सदस्य संजू साहू ने बताया कि झांकी वर्ग में प्रथम विजेता टीम को 6000 रुपए, द्वितीय मंडली को 4000 रुपए, तृतीय मंडली को 3000 रुपए, चतुर्थ मंडली को 2000 और पांचवा स्थान हासिल करने वाली मंडली को 1000 रुपए नगद राशि दी जाएगी। इसी तरह फाग गायन के प्रथम पांच विजेता मंडली को 4000 रुपए, 3000 रुपए, 2000 रुपए, 1000 रुपए और 700 रुपए नगद पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा भी आकर्षक पुरुस्कार की व्यवस्था रखी गई है।

संजू ने बताया कि इसी दिन चारभांठा से लगे ग्राम गातापारकला, सिरसाही, आल्हानवागांव, शिकारीटोला, टाकम, चिचोला, विचारपुर, मरकामटोला, टुरीपार, महरुमखुर्द, लखोली व चिखली में भी फाग प्रतियोगिता का आयोजन होना है।

---

### पदुमतरा में सात दिवसीय श्रीराम कथा में जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

# राज्याभिषेक के साथ रामकथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पदुमतरा के श्रीराम मंदिर के पास चल रहे 7 दिवसीय श्रीराम कथा के ज्ञान महायज्ञ का समापन गत दिनों हुआ।

जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पांडेय ने रामकथा के आखिरी दिन प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक ने बताया कि रामचरित मानस प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है, हमें जीवन कैसे जीना चाहिए रामचरित मानस सिखाती है। सभी रिश्तों को कैसे निभाने चाहिए, हमें जीवन में उतारना चाहिए। आखिरी दिन राज्याभिषेक के समय राजा



रामचंद्रजी के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। उन्होंने रावण वध और राम राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। बताया गया कि भगवान राम जब अयोध्या वापस आए तो अयोध्यावासियों ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। कथावाचक पांडेय ने कहा कि रामायण सत्य पर चलना सिखाती है। कथा में राम अवतार, राम-सीता विवाह, वनवास, सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, शबरी की कथा का वर्णन किया गया। श्रीरामचरित मानस गुरु का आदर, पिता के आदेश भाई-भाई से प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है।

#### कथा समापन में तुलसी वर्षा

कथा में यजमान के रूप में जनपद सभापति व श्रीराम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू-कविता साहू रहे। कथा समाप्ति पर तुलसी वर्षा, यज्ञ हवन किया गया। कलश यात्रा व मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा, रामकथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री डॉ. थानेश्वर पटिला, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, जिला साहू संघ उपाध्यक्ष नीरा साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, जनपद सदस्य शीला सिन्हा, तुलदास साहू, सरपंच ललिता मोहन साहू, दिनेश ठाकुर, नोमेश वर्मा, खिलेश्वरी साहू, फूलमती वर्मा, मनोज देवांगन, मथुरा नेताम, रतन यादव, जगेश्वर साहू, शेखर वर्मा, शेखर यादव, राजेश्वरी साहू, सौरभ वैष्णव, परदेशी साहू, पार्वती साहू, कल्पना साहू सहित जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में संख्या लोग रामकथा सुनने पहुंचे।

---

# कुलपति टावरी ने दिया विशेष मार्गदर्शन

**राजनांदगांव।** पंचगव्य विद्यापीठ्म कांचीपुरम् तमिलनाडु के कुलपति एवं पूर्व सचिव भारत सरकार डॉ. कमल टावरी (भूतपूर्व आईएएस) अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बसंतपुर स्थित मां पंचगव्य अनुसंधान केन्द्र में पंचगव्य डॉक्टर्स एवं गौसेवकों की बैठक ली। बैठक में कुलपति डॉ. टावरी ने छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली कोसली नस्ल की गाय पर किए गए शोध के संबंध में चर्चा की।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली कोसली नस्ल की गाय में अद्भुत गुण है। इसके गौमूत्र में यूरिया, खनिज लवण, एंजाइम व फसलों के लिए उपयोगी अन्य तत्वों की अधिकता होती है। इसके गौमूत्र में विशेष औषधि गुण होते हैं तथा कोसली गाय छत्तीसगढ़ की जलवायु के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि देश की विलुप्त होती विभिन्न प्रजाति के गायों को संरक्षण करने की अतिआवश्यकता है। डॉ. टावरी ने गौ आधारित कृषि, चिकित्सा, स्वरोजगार सृजन पर विशेष मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जर्मनी से आई इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होलिस्टिक रिसर्च एंड वॉलेंटरी एक्शन की चेयरपर्सन इरमेलजी मारला ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर राधेश्याम गुप्ता, राकेश ठाकुर एवं गव्यसिद्ध डॉ. अवधेश कुमार, प्रमोद कश्यप, डिलेश्वर साहू, ज्ञानचंद साहू, उपेन्द्र साहू, गिरधर साहू, किरण साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## सार समाचार



### अग्रवाल के घर पहुंचे डिप्टी सीएम

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के निवास में बुधवार की देरशाम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा, अरुण साव सहित भाजपा नेता संगठन सहप्रभारी नितिन नवीन पहुंचे। उन्होंने श्री अग्रवाल व उनके परिजनों से मुलाकात की।

### बच्चों को दिया रात्रि भोज

**राजनांदगांव।** गंजपारा शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 4 की



छात्रा वीरा पाल एवं माता अनिता पाल तथा कैलाश धाम मंदिर समिति चिखली व शांतिनगर के सदस्यों द्वारा कक्षा 4 के स्कूली बच्चों को रात्रि भोज दिया गया। कुपोषण को दूर करने और बच्चों को सुपोषित करने के उद्देश्य से भोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ फलों का वितरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष हेमलता प्रजापति, उपाध्यक्ष नंदिनी सेंगर, सावित्री ठाकुर, अन्नपूर्णा ठाकुर, ममता मेश्राम सचिव अनिता पाल, महासचिव श्रद्धा दारुगकर, कोषाध्यक्ष संध्या जोशी, मंत्री सपना सिंह, साधना साहू, चांदनी गर्ग, द्रौपदी वर्मा, संतोषी मेश्राम, नीना विश्वकर्मा, गुंजन प्रजापति, सदस्य दीपमाला नायडू, प्रमिला वर्मा, छाया शिवनकर, लेखारानी ठाकुर, अनिता पाल, सावित्री कौमार्या, चंद्रकुमारी गर्ग, भुनेश्वरी वर्मा, जामुन साहू, चंद्रिका साहू, तारणी वर्मा, प्रमिला साहू, भीना साहू, अलका कौशल, कविता देशमुख, कुलेश्वरी, चेतना हुकरे, रीता मटाले, सरिता साहू, गुंजन प्रजापति, सुरेश टेकाटे, मनीषा नेताम व अन्य उपस्थित थे।

### सोनाली ने स्वर्ण व एकता ने जीता कांस्य पदक

**राजनांदगांव।** हिमांचल प्रदेश रैनबो इंटरनेशनल स्कूल नागरोटा बागवन में आयोजित सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालिका एवं महिला भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में राजनांदगांव जय भवानी व्यायाम शाला में अभ्यासरत सोनाली यादव सीनियर वर्ग 64 किग्रा वजन समूह में स्नेच 78 किग्रा व क्लिन जर्क 97 किग्रा कुल वजन 175 किग्रा वजन उठाकर अपने वजन समूह में प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। वहीं जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग में 71 किग्रा वजन समूह ने स्नेच 71 किग्रा व क्लिन जर्क 94 किग्रा कुल वजन 165 किग्रा वजन उठाकर अपने वजन समूह में काटे की टक्कर को पार कर अपने वजन समूह में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक व जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि दोनों महिला वेट लिफ्टर जय भवानी व्यायाम शाला में अभ्यास करते हैं। वह कोच अजय लोहार के मार्गदर्शन में अभ्यासरत है। इन दोनों वेट लिफ्टर खिलाड़ियों की उपलब्धि व सफलता पर जय भवानी व्यायाम शाला परिवार व जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, व्यायाम शाला व संघ के सदस्य खिलाड़ियों ने बधाई दी है। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## त्यौहार एवं चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर

# ग्रामीण इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव एवं आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत डोंगरगढ़, छुरिया, बागनदी एवं ओपी चिचोला क्षेत्र के गांवों में फ्लैग मार्च किया गया।

त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

लोकसभा चुनाव सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने एवं त्यौहार को लेकर थाना डोंगरगढ़, छुरिया, बागनदी एवं ओपी चिचोला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से थाना डोंगरगढ़, छुरिया, बागनदी एवं ओपी चिचोला क्षेत्रों के गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया।



### अप्रिय स्थिति पर पुलिस को दें सूचना

जिससे चुनाव एवं त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने हेतु हथियार, अवैध शराब व नशीले पदार्थ आदि लोकसभा क्षेत्र में न ला सके। जिससे उक्त चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न किया जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों से अपील भी किया जा रहा है कि मतदान के समय किसी प्रकार की अशांति फैलाने या असंवैधानि कृत्य करने का प्रयास न करें। यदि कोई अप्रिय स्थित घटित होने की संभावना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। संबंधित आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मतदान दिवस के दिन अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक

इधर आगामी होली त्यौहार, गुड-फ्राईडे एवं रमजान त्यौहार के साथ ही लोकसभा चुनाव-2024 आदर्श आचार संहिता लागू होने से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु 20 मार्च को थाना डोंगरगढ़ में एसडीएम उमेश पटेल, एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सीआर चंद्रा द्वारा शांति समिति की बैठक आहुत किया गया। जिसमें डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के सभी समुदाय वर्ग के लोग उपस्थित हुए। बैठक में समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ आगामी होली त्यौहार, गुड-फ्राईडे एवं रमजान त्यौहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा के दौरान मीटिंग में उपस्थित हुए सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांतिपूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखते अपने-अपने समुदाय के त्यौहार को बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किए मनाने की अपील की गई है। साथ ही वर्तमान में लोकसभा चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से व स्कूली बच्चों का परीक्षा प्रारंभ होने से बिना किसी शोरगुल, बिना ध्वनि प्रदूषण के शांति पूर्वक त्यौहार मनाने व आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग करने की अपील की गई।

### परीक्षा परिणाम घोषित



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का गत दिवस घोषित बी. फॉर्मेसी पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते शाहिना अंजुम ने 84.30 प्रतिशत के साथ प्रथम, सौरभ अग्रवाल ने 78.46 के साथ द्वितीय एवं हेमप्रभा और रेशमा साहू ने 78.15 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी.कुमार व शिक्षकों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते आशीर्वाद प्रदान किए। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार द्वारा प्रदान की गई।

# शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में बघेल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



आगामी लोकसभा चुनाव के चलते 18 मार्च को शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक की बूथ बैठक एवं ब्लॉक के सभी कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक कार्यकर्ता सम्मेलन राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन बैठक का संचालन करते जानकारी दी कि जैसे ही शाम 5.30 बजे भूपेश बघेल बैठक स्थल यश वाटिका पर पहुंचे, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरूआत की गई। स्वागत भाषण शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते भूपेश बघेल ने कांग्रेस के बूथ अध्यक्षों, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी एवं ब्लाक के कांग्रेसजनों को कांग्रेस का कार्यकर्ता के साथ कांग्रेस का प्रत्याशी भूपेश बघेल बनकर चुनाव लड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा बदलापुर की राजनीति करते डराने का काम कर रही है, जब से उनके राजनांदगांव से प्रत्याशी बनने की घोषणा हुई है, भाजपा की नींद हराम हो गई है। जिससे वह बदले की राजनीति करने पर उतारू है, लेकिन उनकी इन धमकियों से न भूपेश बघेल डरने वाला है न कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता डरेगा।

उन्होंने कहा कि इस चुनावी रण में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ, देश में व्याप्त महंगाई और तानाशाही के खिलाफ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता मतदान करने वाली है। आप सभी कांग्रेसजन भूपेश बघेल बनकर चुनावी रण में उतर जाएं, आपकी मेहनत की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि सच्ची मेहनत और लगन से किया गया कार्य कभी असफल नहीं होता। सम्मेलन को महापौर हेमा देशमुख, धनेश पाटिला, जितेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी ने भी संबोधित करते अपने अनुभव साझा किए। कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नांदगांव और डोंगरगांव के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



■ एक अप्रैल को दाखिल करेंगे नामांकन

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी प्रचार अभियान को अब भाजपा तेज करने जा रही है। इसी क्रम में जमीनी कार्यकर्ताओं को चार्ज करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने राजनांदगांव और डोंगरगांव के दौरे पर रहने वाले हैं। इसके बाद 28 मार्च को भी सीएम संसदीय क्षेत्र के दौरे में रहने वाले हैं। इधर 28 मार्च से शुरू होने जा रहे नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन यानि एक अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इस दिन भी प्रदेश के सीएम सहित भाजपा के आला नेता शामिल हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस द्वारा पूर्व सीएम भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाए जाने से मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस लगातार ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों में दौरा कर अपने पक्ष में माहौल तैयार करने का काम कर रही है। इसी मुकाबले को अपने तरफ करने के लिए भाजपा ने भी प्लानिंग करना शुरू कर दिया है। बुधवार शाम प्रदेश भाजपा सह प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में हुई बैठक में भी आगामी प्रचार अभियान को लेकर रणनीति तैयार की गई है।

### शिवनाथ वाटिका में सम्मेलन

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आज दोपहर 12 बजे से शिवनाथ वाटिका में किया गया है। यहां सीएम विष्णुदेव साय के साथ ही प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ सांसद एवं प्रत्याशी संतोष पांडे भी शामिल होने पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से डोंगरगांव के मंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए सीएम जाने वाले हैं।

### नामांकन के दिन होगी भव्य रैली

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान यह भी तय किया गया है कि आगामी एक अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट से पूर्व सीएम भूपेश बघेल के मैदान में आने से यह हाईप्रोफाईल सीट हो गई है। यही कारण है कि भाजपा नामांकन रैली को भी भव्य बनाने की योजना पर काम कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार केंद्र के किसी बड़े नेता को इस रैली में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पांच साल पहले स्वर्ग सिधार चुके कांग्रेस नेताओं को बूथ संभालने की मिली कमान

■ सोशल मीडिया में वायरल हो रही सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकसभा की 11 सीटों को जीतने के लिए कांग्रेस ने तगड़ी रणनीति बनाई है और कई दिग्गजों को मैदान में उतारा है, लेकिन जिन्हें इस चुनाव में जमीनी स्तर पर कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। शायद वे इस चुनाव को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसका एक उदाहरण राजनांदगांव लोकसभा सीट में नजर आता है। यहां खुज्जी विस में तीन मृत व्यक्तियों को बूथ प्रभारी बना दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं और उनकी टक्कर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान सांसद संतोष पांडे के साथ है। ऐसे में कांग्रेस को मजबूत बनाने वाले कार्यकर्ता और पदाधिकारी ही कांग्रेस का भट्ठा बैठाने में दिखाई दे रहे हैं। दो दिन पूर्व जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ने भरे मंच में पूर्व मुख्यमंत्री के सामने कांग्रेस की फजीहत कर दी और इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हो गया। वहीं अब दूसरी ओर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारियों की सूची यहां एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी की फजीहत का सबब बनी हुई है।

कांग्रेस की इस सूची में तीन स्वर्गीय लोगों को ही बूथ प्रभारी बना दिया गया है। जिससे समझा जा सकता है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के बावजूद यहां के जिम्मेदार कांग्रेसी इसे कितनी गंभीरता से ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह सूची विधायक भोलाराम साहू के कार्यालय से जारी हुई है। इस सूची में बूथ क्रमांक 13 स्वर्गीय महाजन ठाकुर, बूथ क्रमांक 22 स्वर्गीय रोहित कंवर और बूथ 43 से स्वर्गीय डेरहा को बूथ अध्यक्ष बनाया गया है। जिनकी मृत्यु पांच साल, तीन साल और दो साल पहले ही हो गई है। इन स्वर्गवासियों को बूथ अध्यक्ष बना दिया गया है और इन्हें लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर पर कार्य की जिम्मेदारी भी दे दी गई है।

### खानापूर्ति में जुटे कांग्रेसी

विधायक कार्यालय से सूची जारी होना और बिना जवाबदारी दिए ही नाम शामिल कर देना यह दर्शाता है कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव मैदान में होने के बाद भी इसे नजर अंदाज करते हुए महज खानापूर्ति किए जाने सूची बनाई जा रही है।

### अधिकृत सूची नहीं

सोशल मीडिया में वायरल हो रही सूची ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नहीं बनाई गई है। किसने ऐसी सूची बनाई जानकारी नहीं है।

- **रितेश जैन,** अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस


### पुरानी सूची

इस विषय में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू से बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि धोखे से पुरानी सूची भेज दी गई थी।

- **भागवत साहू,** अध्यक्ष, जिला कांग्रेस

# वाहन चेकिंग में पकड़ाया 3 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम कुम्हालोरी चेक प्वाइंट में एक सूमो वाहन में ले जा रहे नगदी रकम 3 लाख रुपए को जब्त कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी क्षेत्रांतर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु एमसीपी लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की लगातार चेकिंग किया जा रही है। इसी तारतम्य में 20 मार्च को ग्राम कुम्हालोरी में एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सूमो गोल्ड क्रमांक सीजी-05-एसी-4428 को रोककर चेक करने पर उक्त वाहन में बैठा व्यक्ति केतन कुमार साहू पिता रविशंकर साहू 33 वर्ष निवासी रेंज ऑफिस के पीछे रामपुर थाना कोतवाली जिला धमतरी (छग) के कब्जे से 3 लाख रुपए नगदी रकम बरामद हुआ, जिस संबंध में वैध कागजात पेश नहीं कर पाने पर बरामद नगदी रकम को धारा 102 जाफौ के तहत जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

### कोलिहापुरी में फाग प्रतियोगिता 23 से

**मुसरा।** ग्राम कोलिहापुरी में जय मां शीतला फाग व सेवा भजन मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में रचना एवं झांकी वर्ग के लिए पुरस्कार क्रमशः 6001, 4001, 3001, 2100 व 1000 रुपए और झांकी पक्ष के लिए क्रमशः 5001, 4001, 3001, 2001 एवं 1001 रुपए नगद दिया जाएगा। जानकारी ग्राम प्रमुख हीराराम जंघेल ने दी है।

### कांग्रेसी बताए भूपेश ने 5 साल में क्या किया?

**राजनांदगांव।** सांसद व लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय पर उंगली उठाने वाले कांग्रेसियों पर सवाल दागते जिला भाजपा शिक्षा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि कांग्रेसी यह बताएं कि उधार के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल ने राजनांदगांव के लिए पूरे पांच साल क्या किया? उल्टे यहां से एडीबी कार्यालय, पीएम ग्राम सड़क योजना अधीक्षण अभियंता कार्यालय, सेतु निगम कार्यालय, पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय दुर्ग ले गए। यही काम पूर्व के कांग्रेस सांसदों ने भी किया है। श्री अग्रहरि ने कहा कि शहर के कांग्रेसी नेता बताए कि मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल कितने बार राजनांदगांव आए? और उनकी राजनांदगांव के लिए क्या उपलब्धि है?















## समस्याः क्षेत्र में हायर सेंकण्डरी स्कूल की दरकार, विद्यार्थी परेशान

# 10वीं पास के बाद पढ़ाई छोड़ने मजबूर छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में हायर सेकेण्डरी के अभाव में बरबसपुर के अधिकांश छात्र छात्राओं को कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद अपनी पढ़ाई लिखाई छोड़ने मजबूर है। शासन प्रशासन द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चला रहा है, लेकिन बरबसपुर को हायर सेकंडरी स्कूल की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के छात्र छात्राओं में भारी नाराजगी व आक्रोश दिखाई दे रहा है।

ग्राम पंचायत बरबसपुर आसपास के ग्रामीण छात्र छात्राएं हाई स्कूल में लगभग अध्ययनरत ढ़ेड सौ छात्र-छात्राएं है, लेकिन कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं को समझ नहीं आता कि कि वह आगे की पढ़ाई लिखाई कैसें करें? इसी उलझनों के बीच अधिकांश छात्र-छात्राएं या तो पढ़ाई-छोड़ना पड़ता है या फिर जिला मुख्यालय स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रवेश लेकर पढाई लिखाई पूरी करनी पड़ती है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा इस भारी समस्या को देखते हुए विभागीय जिम्मेदारों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को शिकवा शिकायत के बाद स्थिति जस की तह है। न ही इस ओर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है वहीं ग्राम बरबसपुर के सैकड़ों छात्र छात्राओं के जीवन अंधकार की ओर जा रही है।

### दर्जनों गांव के विद्यार्थी को हायर सेंकेण्डरी स्कूल लाभ से वंचित




बरबसपुर में प्रतिवर्ष कक्षा 10वीं उत्तीर्ण के बाद या तो विद्यार्थी को पढ़ाई-छोड़ना पड़ता है या फिर दूरदराज क्षेत्रों में जाकर पढ़ाई करना मजबूरी बन गई है। इसका मुख्य कारण बरबसपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के अभाव के कारण बरबसपुर में पिछले वर्षो पुराना से हाई स्कूल संचालित है। वर्षो के अंतराल में भी हायर सेकेण्डरी स्कूल नहीं खुला है, जिसके कारण बरबसपुर सहित आसपास के ग्राम सिंघनपुरी, घुकसा, गांगचुवा, बीजाझोरी, डबराभाट सहित दर्जनों गांव के छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों की शिकवा शिकायत के बाद भी स्थिति जस का तस

यहां बताना लाजमी होगा कि ग्रामीणों द्वारा जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को कई बार इस संज्ञान में शिकवा शिकायत व हायर सेंकेंण्डरी स्कूल कि मांग की गई, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता व अनदेखी का खामियाजा क्षेत्र के सैकड़ों अध्ययनरत छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसके कारण अध्ययनरत छात्र छात्राएं काफी चिंतित व परेशान नजर आ रहें है आखिर वह करें तो क्या करें?

# होली त्योहार आते ही नगर में सजा रंग-गुलाल का बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



पूरे प्रदेश में होली पर्व हर्षोल्लास व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं। होली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें खुशियां ही खुशियां लेकर आती है, साथ ही साथ एक दूसरे को मिलाती हैं। होली त्योहार को लेकर शहर सहित अंचल के छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग को बेसब्री से इंतजार रहता है। मिली जानकारी के अनुसार होली पर्व एक ऐसा त्योहार है जिसमें वर्षों पुरानी गिले-शिकवे व दुश्मनी को भी मिलाने का काम होली का त्योहार करता है। होली त्योहार में एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर व गिले-शिकवे भूला जाते है। पूरे प्रदेश में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई सभी होली त्योहार सभी एक साथ मिल जुलकर मनाते हैं। वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंग गुलाल की दुकाने भव्य रूप सें शहर व बाजार तथा चौंक चौराहों में व्यापारियों द्वारा सजाया गया है, जो आर्कर्षित कर रही है। वहीं शहर तथा ग्रामवासी गण द्वारा शहर व बाजार आकर जोर शोर से जमकर खरीददारी की जा रही है।

### हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सम्पन्न



**हरिभूमि रणवीरपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर केंद्र क्रमांक 161071 मे गुरूवार को हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल में सर्टिफिकेट परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। जिसमें कक्षा 10वीं मे 244 एवं कक्षा 12वीं मे 126 परीक्षार्थी सम्मलित हुए। इस अवसर पर केन्द्राध्यक्ष झुलन प्रसाद तिवारी ने सभी परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा मे अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डीएस उईके, श्यामाचरण देवांगन, मुरलीशरण बघेल, रामेश्वर लहरे, शशांक यादव, विकास देवांगन, अरूण दास, सुनेत तुरकाने, श्रीमती बसंती ठाकुर एवं सभी पर्यवेक्षक एवं छात्र छात्रा उपस्थित थें।

# कार्यकर्ताओं के समर्पण व कर्तव्य निष्ठा से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी हैः भावना बोहरा

- प्रधानमंत्री के 400 पार का लक्ष्य हम सभी कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य से जरुर पूरा होगा : विजय शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है ओर जहां भाजपा ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस अभी भी 5 सीटों पर प्रत्याशी के लिए मंथन कर रही है। इसी कड़ी गुरूवार को पंडरिया विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प किया तो वहीं पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व मंत्री राजेश मुणोत, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना, उज्ज्वला योजना आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना के तहत शामिल करना, छत्तीसगढ़ का पहला दिव्यांगजन कौशल केंद्र के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा का कमल आप सभी कार्यकर्ताओं की वजह से खिलेगा।



इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा की जो मूलभूत शक्ति है, वो उसका कार्यकर्ता है। आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय ने हमें एक मंत्र दिया राष्ट्र प्रथम, हमने उस मूल मंत्र के साथ देश और देशवासियों की सेवा का संकल्प किया। आज उसी संकल्प से देश की जनता और प्रभु श्रीराम ने हमें विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सौभाग्य दिया है और आने वाले समय में भी हमें अपने इस संकल्प को लेकर आगे बढ़ना है और जून को छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों के साथ ही देशभर में 400 से अधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत का परचम पूरे देश में लहराना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए भारत की परिकल्पना के साथ देश को सुपर पावर बनाना चाहते है। प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राममंदिर, धारा 370 व 35 को खत्म करने और कोरोना काल मे 80 करोड़ देशवासियों को निःशुल्क खाद्यान्न और सभी देशवासियों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराने जैसे ऐतिहासिक कार्यों को जनता नहीं भूली है और इसलिए इस बार और भी प्रचंड मतों के साथ श्री मोदी को फिर एक बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कर चुकी है।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए उनके खातों में ट्रांसफर किया गया और प्रतिमाह 12 हजार की आर्थिक सहयता देने की घोषणा महिला सशक्तिकरण के पथ में ऐतिहासिक निर्णय है। महज 100 दिनों के भीतर किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस, 31 सौ रुपए में धान खरीदी, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 55 सौ रुपए प्रति मानक बोरा देने की बात हो या पांच वर्ष तक आवास के लिए तरसने वाले 18 लाख परिवारों के जीवन में खुशहाली लाने की बात हो भाजपा सरकार ने अपने वादों को पूरा किया है और आने वाले समय में अपने हर वादों को जरुर पूरा करेगी। हमारे पंडरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीती नीति से जन-जन को अवगत कराया उसके परिणाम स्वरुप हमने यहां ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

एक बार पुनः उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करती हूँ कि मोदी के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे, केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं घोषणाओं की जानकारी उनसे साझा करें और प्रभु श्रीराम का नाम लेकर भाजपा की जीत का शंखनाद करें। इस औसर पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नीलू शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, नवल किशोर पांडेय सहित सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कवर्धा-बिलासपुर रोड़ में लगा जाम, राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

ग्राम हरिनछपरा व राम्हेपुर कला में गन्ना यार्ड पक्का नहीं के कारण गन्नों से लदी ओवर लोड 200 ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन से पूरे दिन कवर्धा-बिलासपुर एनएच-30 नेशनल हाइवे सड़क में जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार गन्ना फसल सें लदे वाहनों से यूं तो गन्ने पेराई सत्र शुरू होने के साथ जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है लेकिन इसके लिए व्यवस्था भी नहीं होने से मुख्य बड़ा कारण बना हुआ है। वहीं शक्कर कारखाना के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण ग्राम हरिनछपरा सड़क पर एक किलो मीटर लंबी लाइन लग जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दो तीन दिनो से हुई बेमौसम बारिश व गन्ना यार्ड किचड़ में तब्दील होने के कारण गन्ने फसल की आवक बढ़ने के कारण हरिनछपरा उद्योग रोड़ से राम्हेपुर कला नेशनल हाईवे-30 पर 200 से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉली से लदे गन्ना फसल से लंबी लाइन लग गई। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियां व दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# फागुन माह के परसा फूल लोगों को अपनी ओर कर रहा आकर्षित



**हरिभूमि बरबसपुर।** पलास, परसा, ढाक, टेसू एक वृक्ष है, हिंदू धर्म में इन्हे पवित्र वृक्षों की सूची में रखा गया है ऐसी मान्यता है की इस वृक्ष में त्रिदेव यानी ब्रम्हा, विष्णु व महेश तीनों देवताओं का वास होता है और इसके फूलों को अपने तिजोरी में रखने से धन की कोई कमी नहीं होती है, इसके फूल बहुत ही आकर्षक होते हैं और यह फूल हर वर्ष फागुन माह में फूलता है। चिड़यिा, गिलहरियों, चींटियों को फूल का रस बहुत भाता है। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार परसा का फूल उत्तर प्रदेश का राज्य पुष्प है, यह तीन रंगों में पाया जाता है। यह संतरा रंग प्रायः सभी को देखने मिल जाता है, लेकिन पिला व सफेद रंग का परसा फूल साधारणतः देखने को नही आता साथ ही साथ औषधि भी बनाई जाती है। प्राचीन काल से ही होली के रंग परसा फूलो से तैयार किए जाते रहे है। भारत भर मे इसे जाना जाता है, इसके वृक्ष पर लाख निकलता है जिससे चूड़ियां, कंघियां जैसे कई सौंदर्य के साथ-साथ कई चीजें बनाई जाती है। इसे छत्तीसगढ़ वर्ष में परसा नाम ही से जाना जाता है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में इसे प्रायः परसा के नाम से जाना पहचाना जाता है। परसा फूल वनांचल क्षेत्र में आर्कर्षित व मन को आनंदित वहीं यह खूबसूरत फूल फाल्गुन की पहचान है।

## चर्चा...



**कवर्धा।** कुई कुकदूर दौरा के दौरान शाम होने के चलते कुई से हेलिकॉप्टर न उड़ पाने के कारण कार से रायपुर जाते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा स्थानीय देवांगन चाय बस स्टैंड में रुककर चाय पर आम लोगो से चर्चा की।

### जिले के बीस हजार किसानों ने पोर्टल में फसल क्षति की सूचना दर्ज कराई

# ओलावृष्टि से हुई क्षति का आंकलन करने खेतों में पहुंची सर्वे टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में बीते चार दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसल चना, गेहू व उद्यानिकी फसल पपीता और केला के फसल को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। जिस पर कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर फसल क्षति का सर्वे करने राजस्व, कृषि, उद्यानिकीय और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम पहुंचकर काम शुरू कर दिया है। संयुक्त सर्वे टीम को रबी फसलो में चना, गेहू व उद्यानिकीय फसलों में पपिता और केली की फसलों में क्षति पहुंचने की जानकारी समाने आ रही है। कलेक्टर ने तहसीलवार ओलावृष्टि और बारिश वालें क्षेत्रों सहित सभी फसलों की क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीमा और बिना बीमा दोनों प्रकार के फसलों को सर्वे करने के निर्देश दिए है, ताकि दोनों प्रकार के किसानों राहत मिल सकें। कवर्धा तहसील के दशरंगपुर, भागुटोला, बोड़ला तहसील के ग्राम महराजपुर सहित आसपास के गांवों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का नजरी आंकलन करने कलेक्टर स्वयं खेतों तक पहुंचे। इसी प्रकार कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहरा व पंडरिया तहसील के अंतर्गत राजस्व, कृषि, उद्यानिकीय और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे का काम किया जा रहा है। सर्वे टीम द्वारा किसानों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि जिन-जिन किसानों ने अपने फसलों का बीमा नहीं कराया है, ऐसे फसलों की क्षति पूर्ति राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत सहायता राशि दी जाएगी। इसी प्रकार बीमा कंपनी द्वारा भी प्रकरण तैयार किया जा रहा है। कृषि उपसंचालक ने बताया कि जिले में अब तक 20 हजार से अधिक किसानों ने अपने ओला वृष्टि और बेमौसम बारिश से फसलों को क्षति पहुंचने का बीमा की पोर्टल में शिकायत अथवा सूचना दर्ज कराया है। यह संख्या और बढ़ सकती है।

### जिले के किसान बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति की शिकायत तत्काल दर्ज कराए

कलेक्टर ने जिले में दो-तीन से असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को बीमित एवं क्षतिपूर्ति की सहायता राशि दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा की बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति की शिकायत तत्काल दर्ज कराए। उन्होंने कहा की किसान अपने फसल क्षति के सम्बन्ध में क्रियान्वयक बीमा कंपनी को सीधे उनके टोल फ्री नंबर कंपनी के फार्म मित्र एप के माध्यम से भी फसल नुकसान होने के 72 घंटे के भीतर शिकायत के रूप में दर्ज करा सकते हैं। जिले में असामयिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे फसल बीमा अंतर्गत गेहू सिंचित, गेंहू असिंचित, चना व अलसी एवं राई-सरसों अधिसूचित फसलों को नुकसान होने की स्थिति निर्मित हुई है। जिन किसानों के द्वारा इन फसलां का बीमा कराया गया है, ऐसे बीमित किसान का फसल नुकसान होने पर बीमा के प्रावधान के तहत बीमित किसान अपने फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के पास शिकायत के रूप में दर्ज करा सकते हैं। फसल क्षति की सूचना देते समय किसान अपने साथ अपनी फसल सम्बन्धी जानकारी, किसान आवेदन आईडी खाता नंबर, आधार नंबर, भूमि सम्बन्धी विवरण तथा मोबाइल नंबर का विवरण जरुर साथ में रखें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

**खबर संक्षेप**

### स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**कवर्धा।** जिले के लोहारा विकासखंड अंतर्गत मिडिल स्कूल बड़ौदाकला में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई गई। इस कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के अलावा उनके जूनियर छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। जिन्होंने अपने स्कूल के अनुभव बांटे। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजनां संचालित है। इसके अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रित संतानों, को उनके शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं के अंतर्गत तैयारी के लिए न्यूनतम माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### लोस चुनाव को लेकर निगरानी दल सक्रिया

**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न प्रवर्तन एजेंसी के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता अंतर्गत निगरानी दल द्वारा सघन जांच जारी है। कबीरधाम जिले में भी निगरानी दल सक्रिय होकर जांच कर रहा है। जिले के सभी जांच नाकों में टीम तैनात की गई है।


**हादसा:** आरोपी वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़ फरार

# तूफान की टक्कर से राहगीर ग्रामीण युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कुकदुर

जिले से गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में गुरूवार को एक बार फिर सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार तूफान वाहन ने सड़क में पैदल चल रहे युवक को जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार होगया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का शराब बरामद कर लिया है तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के तूफान वाहन को भी जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम करीब 4.00 बजे तूफान वाहन क्रमांक एमपी 20 बीए 6665 का चालक डिंडोरी मध्यप्रदेश से पंडरिया की तरफ जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान उसने कुकदुर थाना क्षेत्र में ग्राम भेलकी के आगे कांदाटोला के पास लापरवाही और बेहदतेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए राह चलते एक ग्रामीण युवक गोपाल पिता बीरसिंह बैगा आयु 35 वर्ष निवासी कांदाटोला भेलकी को पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी। वाहन की ठोकर इतनी घातक थी कि युवक सड़क से उछलकर दूर झाड़ी में जा गिरा और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। वहीं आसपास मौजूद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अब उसकी तलाश की जा रही है।





**हादसा: ग्राम तेलियापानी लेदरा की महिला की कर्नाटक में मौत**

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम तेलियापानी लेदरा की रहने वाली एक महिला की बीते मंगलवार को कर्नाटक में सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतका के परिजनो के मुताबिक अभी तक मृतका का शव उसके गृह ग्राम नहीं पहुंचा है। जिसकी वे राह तक रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेलियापानी लेदरा निवासी सोमनाथ यादव अपनी पत्नी सवनी बाई के साथ रेल गाड़ी के पटरी बिछाने का काम करने के लिए कर्नाटक गया था। जहां मंगलवार को अपना काम खत्म कर वह अपने परिवार के साथ हाईवा वाहन से घर लौट रही थी। इसी दौरान हाईवा वाहन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमें सवनी बाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मृतक के पति सोमंनाथ के पैर में गंभीर चोट आई है और उसके दो बच्चे भी घायल हो गए। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका के तीन बच्चे हैं जिसमें से दो उसके साथ रहते थे जबकि एक तेलियापानी लेदरा में ही रहता था। अब मृतका के परिजनो को उसके शव का इंतजार है।

# आदर्श आचार संहिता की आड़ में आराम फरमा रहे छोटे कर्मचारी

- कई सरकारी विभागों का कामकाज ठप, बैरंग लोट रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू करने के साथ ही जिले के सरकारी विभागों व दफ्तरों में कामकाज करीब-करीब ठप सा पड़ गया है।

विभाग के अधिकारी तो फिर भी चुनावी तैयारियों में लगे हुए हैं लेकिन जहां तक छोटे स्तर के कर्मचारियों की बात की जाए तो वे अपनी कुर्सियों में आराम फरमाते नजर आ रहें है। गौरतलब है कि इन दिनो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है और जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में सभी विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारी चुनावी तैयारियों में लगे हुए है।

जिसके चलते जिले के प्रायः सभी विभागों में कामकाल लगभग ठप पड़ा हुआ है। यहां बताना लाजमी होगा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता के नियमों की जानकारी होने के कारण आम लोग भी अपनी समस्याओं तथा मांगों को लेकर कम ही विभागों तक पहुंचते हैं। क्योंकि उन्होंने मालुम है कि इस समय सभी विभागीय अधिकारी चुनावी कार्यो में व्यस्त रहते हैं और उनका विभाग में जाना मतलब समय ही बर्बाद करना है। इस स्थिति का अगर कोई बेजा फायदा उठा रहा है तो वे हैं संबंधित विभाग के छोटे स्तर के कर्मचारी। क्योंकि चुनावी कार्य के चलते विभाग के अधिकारियों का अधिकांश समय तो जिला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन आयोग के दूसरे अधिकारियों द्वारा आयोजित बैठकों में तथा चुनावी प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों में निकल जाता है। वहीं हर रोज अपनी विभिन्न समस्या तथा मांग को लेकर जिले भर से सरकारी विभागों में पहुंचने वाले लोगों की भीड़ भी फिलहाल न के बराबर है। हांलांकि नगरीय निकाय जैसे विभागों में लोग अभी भी प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड लेने सहित दूसरे कामों को लेकर पहुंचे रहे हैं लेकिन दफ्तरों में मौजूद कर्मचारी उन्हें आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर चलता कर देते हैं।

मतलब न तो किसी का डर और न ही कोई कामकाज। सो विभाग के कर्मचारी भी इस मौके का भरपूर फायदा उठाकर सुबह से शाम तक अपनी कुर्सी में बैठकर और सिर सामने लगी टेबल में गड़ाए कार्यालयों में लगे कूलर, पंखा तथा एसी की ठंडकता में चैन की नीद ले रहें है। शिकायत तो ये भी है कि ऐसे में अगर कोई अपनी समस्या अथवा मांग लेकर इन कर्मचारियों के पास पहुंच भी जाता है तो वे लोगों की बात सुनने से पहले ही कह देते है कि साहब तो हैं ही नहीं। आपका जो भी काम है अब वह चुनाव के बाद ही हो पायेगा।

# वर्षों की मांग के बाद भी नहीं खुल पाया जिला सहकारी बैंक

- कुण्डा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के किसानो को हो रही है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



जिले के विकासखण्ड पंडरिया में कुण्डा क्षेत्र के ग्रामीण किसानो द्वारा वर्षो से एक और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग वर्षो से करते आ रहे हैं। लेकिन शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण किसानो की इस मांग को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की सत्ता परिवर्तन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसानो ने एक बार फिर शासन से कुण्डा क्षेत्र में एक ओर केन्द्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा खोले जाने की मांग दोहराई है।

इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीण किसानो ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुण्डा जिला सहकारी केनद्रीय बैंक की शाखा संचालित है। जिसमें क्षेत्र के कुण्डा, कोलेगांव, भगतपुर, रूसे, धनेली, दामापुर, सेमरकोना, निगापुर, कोईलारी, कोदवा, गोबर्रा, बंसापुर, पथरी, मोहतरा कला, पीपरमाटी, बसनी सहित दर्जनो ग्रामों के हजारों ग्रामीण किसानो का खाता संचालित है। ऐसे में इस बैंक शाखा में हमेशा किसानो की भीड़ बनी रहती है। खासकर जब शासन द्वारा किसी योजना के तहत किसानो के खातों में राशि जमा की जाती है अथवा किसान जब अपनी फसल बेंचते है तो इस बैंक शाखा में किसानो की भीड़ उमड़ पड़ती है और भारी भीड़ के चलते किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

दूर दराज से आए किसानो को तो भीड़ के कारण बैंक के कई-कई चक्कर काटने पड़ते हैं। ग्रामीण किसानों ने बताया कि इसके अलावा बैंक से रकम निकालकर दूर-दराज के ग्रामीणों को लेजाने में भी भारी असुविधा होती है और लूट-मार का भय बना रहता है। उन्होने बताया कि ऐसी ही तमाम परेशानियों को देखते हुए उनके द्वारा वर्षो से ग्राम कोलेगांव अथवा दामापुर में एक और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा प्रारंभ किए जाने की मांग की जा रहा है।

लेकिन आज पर्यंत इस दिशा में किसी भी राजनैतिक दल के नुमाईदों अथवा शासन-प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसे देखते हुए अब ग्रामीणों ने पुनः अपनी मांग दोहराई है।

**कार्यकर्ता सम्मेलन...**




**कवर्धा।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कवर्धा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित।

## 24 मास्टर ट्रेनर नियुक्त, दिया गया आधारभूत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मास्टर ट्रेनरों की बैठक सह प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिले में दोनों विधानसभा के लिए 24 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए है। इनमें कवर्धा विधानसभा के लिए 12 और पंडरिया के लिए 12 मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति की गई है जो मतदान दलों को प्रशिक्षण देंगे। बैठक सह प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त, एमके गुप्ता सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर एक कड़ी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में बताएं जा रहे पहलुओं और बारिकीयों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से ले। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन और अबाधित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा बताएं जा रहे सभी बातों को गंभीरता से सुने, इसके बाद सभी आदेशों और निर्देशों सहित मतदान समाग्री के रवानगी से लेकर समाग्री जमा करने की सभी प्राक्रिया को मतदान दलों को विस्तार से समझाएं।

## किसानों के हाथों से निकली वनोपज महुआ की फसल

- वनोपज पर मौसम की मार से जिले के वनवासी वनोपज संग्रहणकर्ताओं में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बेमौसम बारिश व आंधी, तुफान और ओला वृष्टि के चलते इस बार भी ग्रीष्म ऋतु की अधिकांश वनोपज वनवासियों के हांथ से लगभग निकल गई है। हर बार की तरह इस बार भी वनवासियों की आय का प्रमुख स्त्रोत मानी जाने वाले महुआ की फसल से उन्हें काफी उम्मीद थी।

लेकिन जिले के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत वनोपज संग्रहणकर्ताओं की माने तो मार्च माह के बचे खुचे दिनो में जिस ढग़ से मौसम का मिजाज बदला है उससे दीगर फसलों के साथ ही वनोपज और विशेषकर महुआ की फसल बुरी तरह से प्रभावित हुई है। वनवासियों ने बताया कि उनकी आय का प्रमुख स्त्रोत मानी जाने वाली महुआ की फसल इन दिनों जंगल में लगभग तैयार हो चुकी है। कुछ ईलाकों में तो यह तैयार होकर टपकने भी लगी है। वहीं संग्रहणकर्ताओं ने अच्छी फसल को देखते हुए इसके संग्रहण की प्रारंभिक तैयारी करते हुए महुआ पेड़ों की खोजबीन आदि कर ली थी और अब होली के बाद से इसका संग्रहण शुरू किया जाना था। लेकिन एन मौके पर जिस ढंग से बीते पांच दिनो तक अंचल में लगातार बेमौसम बारिश, आंधी तूफान तथा ओला वृष्टि का दौर चला है उससे महुआ की फसल लगभग नष्ट हो चुकी है। वनवासियों के मुताबिक मौसम की मार की वजह से महुआ परिपक्व होने के पहले ही झड़ चुका है। ऐसी स्थिति में अब महुआ संग्रहण करने वाले संग्राहकों को महुआ संग्रहण के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ेगी और यह किस्मत वालों के ही हांथ लग पाएगा। कमोबेश ग्रीष्म ऋतु में निकलने वाली महुआ की फसल के अलावा अन्य वनोपज पर भी बेमौसम बारिश व आंधी, तुफान का खासा प्रभाव पड़ा है और वनोपज के जरिए आय अर्जित करने का सुनहरा अवसर वनवासियों के हांथ से निकल गया है। जिले के वनांचल क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रीष्म ऋतु की हर्रा, बहेरा, आंवला, चार चिरौंजी, वन तुलसी की फसल हाल में हुई तेज बारिश व आंधी तुफान में बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके अलावा आम, ईमली की फसल भी लगभग समाप्त हो गई है। जिसका मलाल वनवासियों में साफ देखा जा सकता है।



## मौसम साफ होने से किसानों व लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते शनिवार से कवर्धा सहित समूचे जिले में जारी बेमौसम बारिश का सिलसिला गुरूवार को शांत पड़ गया। मौसम के साफ होने से जहां किसानो ने राहत की सांस ली वहीं रोज-रोज की बेमौसम बारिश से हलाकान और परेशान लोगों न सुकून महसूस किया।

यहां बताना लाजिमी होगा कि समूचे अंचल में बीते पांच दिनो से लगातार बेमौसम बारिश के साथ आंधी, तूफान, ओला वृष्टि को दौर जारी था। इस मौसम की मार से जहां किसान परेशान थे वहीं आम लोगों को भी कई प्रकार परेशानियों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन गुरूवार का दिन मौसम के लिहाज से सभी के लिए राहत भरा रहा। गुरूवार की सुबह से ही मौसम साफ रहा और चटख धूप भी खिली।

हालांकि दूसरे पहर में रोज की तरह एक बार फिर आसमान में बदली छाई थी जिसे देखकर ऐसा लगा की आज भी लोगों को बेमौसम बारिश का सामना करना पड़ेगा। लेकिन कुछ ही देर में बादल छंट गए और फिर से धूप खिल गई। माना जा रहा है कि अब आगे भी लोगों को बेमौसम बारिश से राहत रहेगी लेकिन मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक होली के बाद गर्मी एक बार फिर लोगों के लिए आफत खड़ी कर सकती है।

## भाजपा ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों का ऐलान होने के बाद प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इसी कड़ी में गुरूवार को भाजपा द्वारा जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय सहित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा। वहीं सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना,उज्ज्वला योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना के तहत शामिल करना, छत्तीसगढ़ का पहला दिव्यांगजन कौशल केंद्र के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है। इस बार छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में भाजपा का कमल आप सभी कार्यकर्ताओं की वजह से खिलेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वो उसका कार्यकर्ता है। आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमें एक मंत्र दिया राष्ट्र प्रथम, हमने उस मूल मंत्र के साथ देश और देशवासियों की सेवा का संकल्प किया और इसी सेवा के दम पर भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बार चार सौ सीटों पर जीत दर्ज करेगी।




## कांग्रेस प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद श्री बघेल लगातार लोकसभा की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा का दौरा कर रहे हैं। श्री बघेल प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बीते बुधवार को दूसरी बार कबीरधाम जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने जिला मुख्यालय कवर्धा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली और उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए रिचार्ज किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने केन्द्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि भाजपा आज के ज्वलंद मुद्दों और आम लोगों की समस्याओं भाग रही है। लगातार बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से मुंह मोड़कर भाजपा ईडी, सीबीआई के दम पर चुव जीतने का प्रयास कर रही है। लेकिन कांग्रेस भाजपा के इन हथकंडो से डरने वाली नहीं है। कार्यकर्ता सम्मेलन को कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार को आड़े हांथों लिया। उल्लेखनीय है कि इस बार कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है और विशेषकर उसे राजनांदगांव लोकसभा की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा से भी हार मिली है। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में मायूसी है और उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए रिचार्ज करना जरूरी है। इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल लगातार जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा का दौरा कर कार्यकर्ताओं को न सिर्फ रिचार्ज कर रहे हैं बल्कि उन्हें एकजुट कर चुनाव मैदान में उतारे में जुटे हैं। बुधवार को कवर्धा पहुंचने से पहले श्री बघेल का ग्राम इंदौरी में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया और उन्हें विशाल काफिले के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा लाया गया। जहां उन्होने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को भी कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने जिले के कई ग्रामो का सघन दौरान कर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरी साहू, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नीलकंठ चन्द्रवंशी, सीमा अगम अनंत, आनंद सिंह, चोवा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

